पूरा सच, बेहिचक
प्रदेश टुडे
Digital Edition
Whats App Instgram Facebook X
PRADESHTODAY.COM
ग्वालियर, बुधवार 26 नवंबर 2025

# आईपीएस कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में 6 दिवसीय AICTE-ATAL FDP का शुभारंभ



**ग्वालियर।** आईपीएस कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट ग्वालियर के कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा 6-दिवसीय ऑनलाइन एआईसीटीई-अटल फेकल्टी डेवलपमेन्ट प्रोग्राम का शुभारंभ सोमवार को गरिमामय समारोह के साथ हुआ। इस एफडीपी के दौरान "GenGeoAI: सतत कृषि के लिए जेनरेटिव AI, GIS और स्मार्ट टेक्नोलॉजीज का समन्वय' विषय पर विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा कई सत्रों में व्याख्यान आयोजित किये जायेंगे। उद्घाटन समारोह में प्रोफ. भारतेन्दु के. सिंह, प्रोफेसर, IIITDM, जबलपुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने महाविद्यालय की आयोजन समिति को शुभकामनाये देते हुए कहा कि, यह एफडीपी शोध और शिक्षण क्षेत्र में तकनीकी नवाचारों को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर आईपीएस समूह के निदेशक डॉ. अरुण कुमार त्यागी ने इस विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि, सतत कृषि का भविष्य केवल खेतों में नहीं, बल्कि हमारी सोच और तकनीक के समन्वय में बसता है। जब हम नई तकनीकों का प्रयोग करते है तो हम न सिर्फ खेती को अधिक बुद्धिमान बनाते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए धरती को भी सुरक्षित करते हैं।

## आईपीएस कॉलेज में तकनीकी नवाचार का संगम

# एआईसीटीई प्रायोजित 6 दिवसीय एफडीपी सफलतापूर्वक आयोजित

**पत्रिका प्लस @ ग्वालियर** . आईपीएस कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में एआईसीटीई प्रायोजित छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जनरेटिव एआई, जीआईएस, ड्रोन टेक्नोलॉजी, स्मार्ट फार्मिंग, हेल्थकेयर एआई एवं रिमोट सेंसिंग" विषय पर 24 से 29 नवंबर तक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक राजू शर्मा तथा सह-समन्वयक डॉ. अक्षय पांडे द्वारा किया गया। एफडीपी में देशभर से आए विशेषज्ञों ने उभरती तकनीकों पर मार्गदर्शन दिया। मुख्य वक्ताओं में डॉ. शुभो पाल (आईआईटी भुवनेश्वर), डॉ. अक्षय पांडे, डॉ. अभिनव तोमर , अभिषेक कुलश्रेष्ठ (एसटीपीआई), डॉ. सुरेश मेरगु (एनआईसी), डॉ. कमल जैन, डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह सहित कई जाने-माने शोधकर्ता और उद्योग विशेषज्ञ शामिल रहे। छह दिनों तक चले तकनीकी सत्रों में प्रतिभागियों को नई शोध तकनीकों, उद्योग आधारित अनुप्रयोगों और आधुनिक डिजिटल नवाचारों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कॉलेज प्रबंधन की ओर से आईपीएस समूह के निदेशक डॉ. अरुण कुमार त्यागी, कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी मिश्रा, सीईओ पीके घोष, प्राचार्य डॉ. अनुराग गर्ग और शैक्षणिक संयोजक डॉ. ज्योति मिश्रा ने एआईसीटीई और सभी वक्ताओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

पूरा सच, बेहिचक
प्रदेश टुडे
PRADESHTODAY.COM
ग्वालियर, मंगलवार 02 दिसंबर 2025
Digital Edition
Whats App Instgram Facebook X

# आईपीएस कॉलेज में तकनीकी नवाचार का संगमः ATAL FDP सफलतापूर्वक संपन्न

**ग्वालियर।** आईपीएस कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में एआईसीटीई प्रायोजित छह दिवसीय अळअछ फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम "Gen GeoAl: Synergizing Generative AI, GIS and Smart Technologies for Sustanable Agriculture" का आयोजन 24 से 29 नवंबर तक किया गया, जो सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक राजू शर्मा, एचओडी, सीएसई विभाग, तथा सह-समन्वयक डॉ. अक्षय पांडे, एसोसिएट प्रोफेसर द्वारा किया गया।

देशभर से एआई, जेनरेटिव एआई, जीआईएस, ड्रोन टेक्नोलॉजी, स्मार्ट फार्मिंग, हेल्थकेयर एआई और रिमोट सेंसिंग जैसे उभरते क्षेत्रों पर विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन दिया। छह दिनों तक चले तकनीकी सत्रों में प्रतिभागियों ने नई शोध-तकनीकों और व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर व्यापक जानकारी प्राप्त की। समापन दिवस पर ऑनलाइन टेस्ट एवं वैलिडिक्टरी सेशन आयोजित किया गया, जिसमें सफल प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। कॉलेज प्रबंधन की ओर से आई.पी.एस. समूह के निदेशक डॉ अरुण कुमार त्यागी, कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी मिश्रा, मुख्य प्रशाशनिक अधिकारी पी. के. घोष, प्राचार्य डॉ. अनुराग गर्ग, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर डॉ. ज्योति मिश्रा आदि ने एआईसीटीई तथा सभी वक्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह FDP शिक्षकों और शोधकताओं को भविष्य की तकनीकों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सफल आयोजन आईपीएस कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट की तकनीकी उत्कृष्टता एवं अकादमिक नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को दृढ़ता से दशार्ता है।